**बिहार सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**

संवेदक Randhir Kumar, (Reg.No. 1200354) Add:- S/O:- Jagdish Ray, Belahi, Dist-Muzaffarpur Pincode- 843128 के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–11409 दिनांक 11.11.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षों के लिए कालीकृत किये जाने के विरूद्ध दिनांक 21.11.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

05/12/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता / संवेदक Randhir Kumar, Add:- S/O:- Jagdish Ray, Belahi, Dist-Muzaffarpur Pincode- 843128 एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–02 उपस्थित।

प्रस्तुत मामला ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–02 के अधीन Package No. MGSY/24-25/Muzaffarpur East-2/04 Tender ID- 140747 की निविदा में संवेदक Randhir Kumar, (Reg.No. 1200354) द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र जाली / फर्जी होने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 11409 दिनांक 11.11.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 21.11.2025 को अपना अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है :–

1. प्रश्नगत निविदा में संवेदक द्वारा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, कार्य प्रमंडल, कटिहार के पत्रांक 1168 दिनांक 16.03.2025 उद्धत समरूप अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया।
2. उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र के संबंध में वरीय परियोजना अभियंता का कार्यालय, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड कार्य प्रमंडल, कटिहार द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उक्त Work Experience Certificate गलत है।
3. तदालोक में संदर्भित निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित करने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में निहित प्रावधान के तहत विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 11409 दिनांक 11.11.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया गया है।
4. उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 21.11.2025 को अपील अभ्यावेदन समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि निविदा की सारी प्रक्रिया साईबर कैफे द्वारा की जाती है। जिसके द्वारा किसी अन्य संवेदक के बहकावे में आकर उक्त निविदा में उनके खिलाफ गलत अनुभव प्रमाण पत्र संबंधित कागजात अपलोड कर दिया गया है।

संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के क्रम में संदर्भित निविदा में फर्जी कागजात समर्पित किये जाने के संबंध में क्षमायाचना करते हुए तथा इसकी पुनरावृत्ति नहीं किये जाने का आश्वासन दिया गया।

5058
16/12/25

(414)

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त Randhir Kumar, (Reg.No. 1200354) द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत करते हुए **विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक 11409 दिनांक 11.11.2025** द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकृत (Blacklist) किये जाने के आदेश को यथावत रखा जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

07/12/2025
(सरवणन एम.)
सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–211/2025 12465 /पटना, दिनांक– 11.12.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.12.2025
(प्रभाष चन्द्र सिंह 'प्रबल')
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–211/2025 12465 /पटना, दिनांक–11.12.25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.12.2025
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–211/2025 12465 /पटना, दिनांक– 11.12.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

10.12.2025
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक:–14/अ0प्र0–14–211/2025 12465 /पटना, दिनांक 11.12.25

निबंधत

प्रतिलिपि:– संवेदक Randhir Kumar, Add:- S/O:- Jagdish Ray, Belahi, Dist-Muzaffarpur Pincode- 843128 को सूचनार्थ प्रेषित।

10.12.2025
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–211/2025 12465 /पटना, दिनांक– 11.12.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.12.2025
सरकार के उप सचिव